कोविड-19 की जाँच

Washington State Department of Health (DOH, वॉशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग) कोविड-19 के फैलाव को धीमा करने के लिए लगातार काम कर रहा है। इस प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कोविड-19 के लिए लोगों की जांच करना है।

कौन-कौन कोविड-19 की जाँच करवा सकते हैं?

जो भी अपने लक्षणों के बारे में चिंतित हैं, कि वे कोविड-19 के शिकार हो सकते हैं तो उन्हें तुरंत जांच करवानी चाहिए। DOH शक होने पर जांच करवाने सिफारिश करता है:

- कोई भी व्यक्ति जिसको कोविड-19 के हल्के लक्षण, जैसे कि (खांसी, बुखार या ठंड लगना, सांस फूलना या सांस लेने में कठिनाई, शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, स्वाद या सूँघने में नई गड़बड़ी) हैं।
- संभावित जोखिम वाले लोग जो कि बीमारी के चपेट में आ सकते हैं, जैसे कि वे लोग जो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ निकट संपर्क में रहे हों जो कोविड-19 के चपेट में हैं, या उन लोगों के साथ निकट संपर्क में रहें हों जिन्हें बीमारी का प्रकोप है।
- निकट संपर्क तब होता है जब कोई व्यक्ति 15 मिनट या उससे अधिक समय के लिए किसी ऐसे व्यक्ति से 6 फीट (2 मीटर) के भीतर हो जो कोविड-19 से संक्रमित हो। यदि आप संभावित रूप से किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए थे जिनमें कोरोनावायरस बीमारी (कोविड-19) होने की पुष्टि की गई हो, तो क्या किया जाए

मैं हल्के लक्षण से संक्रमित हूँ। क्या मुझे कोविड-19 की जांच की आवश्यकता है?

- हां, अगर आपको हल्के लक्षण हैं तो भी जांच करवाएं।
- यदि आपको बुखार, खांसी, या उपरोक्त अन्य लक्षण हैं, तो इसका इलाज करना सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह कोविड-19 हो सकता है और जांच करवाएं। यदि आपको अन्य लोगों के आस-पास जाना ज़रूरी है तो, आपको मास्क पहनना चाहिए। घर पर रहकर दूसरों की रक्षा करें।
- यदि आपको लगता है कि आप कोविड-19 से संक्रमित हो सकते हैं, तो अपने कोविड-19 की जांच और अपनी बीमारी के अन्य संभावित कारणों के बारे में जानने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें।
- यदि आपके पास कोई स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नहीं है, तो नज़दीकी आपातकालीन देखभाल क्लिनिक से संपर्क करें। यदि आपने अपना बीमा नहीं करवाया है, तो अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

मैं कोविड-19 की जाँच कहाँ करवा सकता हूँ?

जाँच पूरे वाशिंगटन में अलग-अलग जगहों पर उपलब्ध है। आप अपने चिकित्सा प्रदाता के साथ एक अपॉइंटमेंट ले सकते हैं या अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र (केवल अंग्रेजी में) के साथ जांच करवा सकते हैं। अपने जाने से पहले कॉल करें, ताकि टीम आपके आगमन की तैयारी कर सके और दूसरों की सुरक्षा के लिए सावधानी वाले काम कर सके। आते समय फेस कवर अवश्य लगाएं।

परिणाम प्राप्त करने में कितना समय लगता है?

यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपको किस प्रकार की जांच करवानी है और विश्लेषण के लिए आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता किस लैब में भेजता है। परिणाम 10 मिनट से कम समय में वापस आ सकते हैं या कई दिन तक लग सकते हैं

क्योंकि कुछ लैब प्रोसेसिंग परीक्षण में बैकलॉग होती हैं। जब तक आपके परिणाम नहीं मिल जाते, तब तक आपको घर और अन्य लोगों से दूर रहना चाहिए क्योंकि आपको संक्रमण हो सकता है।

सकारात्मक जांच परिणाम का क्या अर्थ है?

सकारात्मक जांच परिणाम से यह पुष्टि होती है कि रोगी को हाल ही में कोविड-19 है या था। यदि आपको कोविड-19 का पता चला है या आपको कोविड-19 होने का संदेह है, तो बीमारी को फैलने से रोकने और अपने समुदाय की सुरक्षा के लिए इन चरणों का पालन करें: यदि आप में कोरोनावायरस बिमारी (कोविड-19) (PDF) होने की पुष्टि या संदेह है तो क्या किया जाना चाहिए।

नकारात्मक जांच परिणाम का क्या अर्थ है?

एक नकारात्मक परीक्षा परिणाम का मतलब यह हो सकता है कि रोगी अपना नमूना देते वक्त संक्रमित नहीं था। हालांकि, एक नकारात्मक परिणाम का मतलब यह नहीं है कि उसे कोविड-19 नहीं हो सकता है। वायरस के संपर्क में आने के बाद, आपकी नाक से एक नमूना ले कर इसका पता लगने में लगभग पांच दिन लग सकते हैं। तो, आपको यह हो सकता है, लेकिन जांच में यह थोड़ी देर के लिए न दिखाई दे।

वास्तव में कोविड-19 जांच क्या है?

कोविड-19 की जांच फ्लू के जांच की तरह है। एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता नाक में एक स्वैब को डालेगा। उसके बाद, वे नमूना पैक करते हैं और इसे राज्य के भीतर उपयुक्त परीक्षण केंद्र में भेजते हैं। प्रदाता के कार्यालय और प्रयोगशाला के बीच की दूरी के आधार पर शिपिंग में 4 से 48 घंटे लग सकते हैं।

जांच की लागत कितनी आएगी?

यदि आपको लक्षण होने के कारण या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ निकट संपर्क में आने के लिए आपकी जांच की जा रही है, जिसको कोविड-19 है, तो आपके लिए कोई लागत नहीं होनी चाहिए चाहे आपके पास बीमा हो या न हो। राज्य बीमा आयुक्त बीमा कंपनियों को कोविड-19 जांच के लिए बीमाकर्ताओं को सह-भुगतान और कटौती की छूट देने की मांग कर रहे हैं।

यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है तो, Washington Health Benefit Exchange (वाशिंगटन स्वास्थ्य लाभ विनिमय) के Health Plan Finder Support Center (स्वास्थ्य योजना खोजकर्ता सहायता केंद्र) से संपर्क करें ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या आप मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज (Apple Health, वाशिंगटन के Medicaid प्रोग्राम) के लिए पात्र हैं या यदि आप विशिष्ट शर्तों के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए पात्र हैं। फोन नंबर 855-923-4633 है।

मुझे अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

यदि आपको कोविड-19 के जांच परिणामों के बारे में कोई प्रश्न हों, तो अपने चिकित्सा प्रदाता से संपर्क करें।

यदि आप कोविड-19 के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो राज्य के Department of Health के कोविड-19 वेबपेज पर जाएं।